# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
## हरिद्वार–249404

**संख्याः– 55/11/PC-21/G-2/2022-23** **दिनांकः 21 मई 2023**

**विज्ञप्ति**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी/आरक्षी पी.ए.सी./आई.आर. बी. (पुरूष)/फायरमैन (अग्निशामक) (पुरूष/महिला) परीक्षा–2021 के लिए उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–42/उ0अ0से0च0आ0/2021 दिनांक 28 दिसम्बर 2021 के क्रम में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा का परिणाम उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा दिनांक 07 अक्टूबर 2022 को जारी किया गया था। तत्पश्चात सफल अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 18 दिसम्बर 2022 को लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा आयोजित की गयी। शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्राप्तांक से निर्मित प्रवीणता के आधार पर दिनांक 09.02.2023, दिनांक 10.03.2023, दिनांक 28.03.2023 एवं दिनांक 25.04.2023 को अभिलेख सत्यापन सूची निर्गत की गयी। उपरोक्त सूचियों के अभ्यर्थियों के अभिलेखों के सत्यापन के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा पदों हेतु प्रदान की गयी वरीयता एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा परिणाम में जिस पद के सापेक्ष अभ्यर्थी सफल हुआ है, उसको दृष्टिगत रखते हुए प्रवीणता के आधार पर श्रेष्ठताक्रम में चयन परिणाम दिनांक 21 मई 2023 को घोषित किया गया है। अभ्यर्थियों के सूचनार्थ चयन परिणाम, कट ऑफ मार्क्स एवं शारीरिक दक्षता व लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्राप्तांक आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित किये गये हैं।

Sd/-

**(गिरधारी सिंह रावत)**
**सचिव।**